प्रेस विज्ञप्ति

दिल्ली पुलिस

दिनांक: 06.10.2026

INDI Alliance द्वारा 06.10.2026 को निर्वाचन आयोग की ओर मार्च

दिल्ली पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि INDI Alliance Bloc द्वारा 06.10.2026 को सुबह करीब 10:30 बजे संसद भवन से निर्वाचन आयोग (ECI) के कार्यालय की ओर मार्च निकाला जाएगा।

प्रस्तावित मार्च के आयोजन के संबंध में अनुमति हेतु कोई आवेदन उपायुक्त पुलिस, नई दिल्ली जिला के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया था। अतः उक्त प्रस्तावित मार्च के लिए कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई थी।

प्रस्तावित जमावड़े तथा नई दिल्ली क्षेत्र में **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163** के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा के उल्लंघन की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ की आवाजाही को नियंत्रित करने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

मार्च करीब 10:30 बजे शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए पहले बैरिकेड को तोड़ा और आगे बढ़ते हुए नीति आयोग के निकट लगाए गए दूसरे बैरिकेड तक पहुंच गए।

पुलिस द्वारा बार-बार घोषणा कर प्रदर्शनकारियों को धारा 163 BNSS के तहत लागू प्रतिबंधों की जानकारी दी गई और उनसे शांतिपूर्वक वापस जाने की अपील की गई। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के निर्देशों का पालन नहीं किया और वहां बने रहे।

वैध निर्देशों की लगातार अवहेलना तथा स्थिति को नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा कानून के अनुसार प्रदर्शनकारियों को निरुद्ध किया गया। लगभग 260 व्यक्तियों, जिनमें 10 सांसद भी शामिल हैं, को निरुद्ध कर दिल्ली के विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया, जहां उनके संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इसके बाद अधिकांश प्रदर्शनकारी वहां से चले गए। हालांकि, श्री राहुल गांधी, सुश्री प्रियंका गांधी, श्री के.सी. वेणुगोपाल, श्री पवन खेड़ा, श्री मनीष छत्रथ और करीब 50–60 समर्थक बिना अनुमति के आकाशवाणी भवन परिसर में प्रवेश कर वहां बैठ गए।

श्री राहुल गांधी ने आकाशवाणी परिसर से बाहर जाने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को निर्वाचन आयोग (ECI) से मिलने के लिए समय नहीं दिया जाता, तब तक वे वहां से नहीं जाएंगे।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस को प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने की कार्रवाई करनी पड़ी। इस कार्रवाई के दौरान श्री राहुल गांधी, सुश्री प्रियंका गांधी सहित अन्य प्रदर्शनकारियों को भी परिसर से हटाया गया और आवश्यकतानुसार निरुद्ध किया गया। कार्रवाई कानून के अनुसार की गई तथा इस दौरान कानून-व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई।

दिल्ली पुलिस द्वारा क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की व्यवस्था की गई है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी संबंधित व्यक्तियों से शांति बनाए रखने और पुलिस द्वारा दिए गए वैध निर्देशों का पालन करने की अपील की जाती है।